दंपत्ति को डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर

# आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन



**गंगरार।** मेवाड़ कॉलेज में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से आपदा प्रबंधन पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में सूखा और शमन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण एवं निराकरण पर चर्चा की गयी। सम्मेलन में आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया तथा 20 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन में डॉ युद्धवीर सिंह,डॉ. आर. करिकलम, डॉ बी. एल. आचार्य, डॉ. बी. डी. शर्मा आदि मौजूद थे। संयोजन प्रो. बृज भूषण ने किया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया

# आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सूखा और शमन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण एवं निराकरण पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय सेमिनार में चार सत्र रखे गए। इस दौरान चार विषय विशेषज्ञों ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 20 पेपर प्रस्तुत किएगए। इनमें मानव सृजित आपदा, भूस्खलन आदि आपदाओं पर प्रस्तुतीकरण किया गया। साथ ही कोर्ट द्वारा जारी की गई आपदा प्रबंधन 2005 के दिशा-निर्देशो पर चर्चा की गई। इस मौके पर डॉ युद्धभीर सिंह, जम्मू विश्वविद्यालय, डॉ. आर. करिकलम, डॉ. बीएल आचार्य, डॉ. बीडी शर्मा व विश्वविद्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा किया गया एवं संयोजन प्रो. बृजभूषण ने किया।

# आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**गंगरार |** मेवाड़ विश्वविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इसमें सूखा और शमन जैसी प्राकृतिक आपदा के कारण एवं निराकरण पर चर्चा हुई।

सेमिनार के चार सत्र में बताया गया कि आपदा से राहत देने में उच्च शिक्षण संस्थानों का क्या योगदान हो सकता है? इस दौरान कुल 20 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। जम्मू विश्वविद्यालय डॉ. युद्धवीर सिंह, डॉ. आर करिकलम, डॉ बीएल आचार्य, डॉ बीडी शर्मा एवं विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सेमिनार का आयोजन केंद्र सरकार, विश्वविद्यालय के गणित विभाग की ओर से हुआ। संयोजन प्रो. बृजभूषण ने किया।

**यूनीफेस्ट शुरू...** मेवाड़ विश्वविद्यालय में 8 दिवसीय यूनिफेस्ट 2019 की रंगारंग शुरुआत हुई। उद्घाटन मेवाड़ एजूकेशन सोसाइटी के चैयरपर्सन गोविंदलाल गदिया ने किया। छात्र-छात्राएं तकनीकी, खेल एवं विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन में भाग लेंगे।